sns academy

a fingerprint school

Sincerity, Nobility and Service

Work sheet- 2 - 2025

Hindi

Grade: X

Date of submission:27.06.2025

खण्ड - “क”

1.निम्नलिखित गद्‌यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

नैतिक शिक्षा के दो पहलू हैं–सकारात्मक एवं नकारात्मक |पहले पक्ष के अन्तर्गत आते हैं - सत्य, अहिंसा, परोपकार और करुणा |ये ही गुण परहित के कारण हैं और परहित को गोस्वामी तुलसीदास ने परम धर्म कहा है |इसके विपरीत नकारात्मक पहलू के अन्तर्गत आते हैं–काम ,क्रोध ,मोह ,लोभ ,दुर्वचन आदि |इन्हीं अवगुणों से दूसरों को पीड़ा पहुँचती है और पीड़ा को तुलसीदास ने अधर्म या पाप कहा है |यदि छात्रों को नैतिक शिक्षा दी जायेगी तो वे सन्मार्ग पर चलेंगे,अपनी आत्मा को शुद्ध बनाकर अपना और देश दोनों का हित करेंगे |इसके विपरीत आचरण करने पर छल -कपट कर ,अनुशासन भंग कर स्वयं अपना जीवन भी नष्ट करेंगे और समाज में अजारकता फ़ैलाकर देश को दुर्बल बनाएँगे |यदि विध्यार्थि जीवन से हि छात्रों को सही मार्गदर्शन मिले तो निश्चित रुप से सभ्यता और संस्कृति का बीजारोपण हो जाता है| यह वही अवस्था है जिसमें अच्छे नागरिकों का निर्माण होता है |इसलिए नैतिकता की शिक्षा हम शिक्षण संस्थाओं में पाठ्यक्रम का अंग बनाकर दे सकते हैं |

क) गद्यांश में किस प्रकार की शिक्षा की बात की जा रही हैं? उनके दो रुप क्या हैं?

ख) परहित में कौन कौन से गुण होते हैं इसे किसने परम धर्म कहा हैं?

ग) तुलसीदास ने किन अवगुणों को पाप कहा है ?

घ) छात्रों को नैतिक शिक्षा देने से क्या लाभ है ?

खण्ड - ख

2. निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह करके समास के भेद का नाम लिखिए - नवनिधि , यथासमय, नीलकमल , देवालय

3. निम्नलिखित वाक्यों कों शुध्द करके लिखिए–

क) वह गुनगुने गर्म पानी से स्नान करता है |

ख) माताजी बाजार गए हैं |

ग) मैं मेरा काम कर लूँगा |

घ) शुद्ध गाय का दूध पिया करो |

खण्ड - ग

4. निम्नलिखित किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखित–

क) ‘ हरिहर काका ‘ के साथ उनके भाइयों तथा ठाकुरबाडी के महंत ने कैसा व्यवहार किया ?क्या आप उसे उचित मानते हैं? कारण सहित स्पष्ट किजिए |

ख) हरिहर काका को जबरन उठा ले जाने वाले कौन थे? उन्होंने उनके साथ कैसा बर्ताव किया?

ग) यदि आपके आस-पास हरिहर काका जैसी हालत में कोई हो तो आप उसकी किस प्रकार मदद करेगें |

घ) कथावाचक और हरिहर काका के बीच क्या संबंध है और इसके क्या कारण है?

खण्ड - घ

5. विध्यालय के गेट पर मध्यावकाश के समय ठेले वालों द्वारा जंक फ़ूड बेचे जाने की शिकायत करते हुए प्रधानाचार्य को पत्र लिखकर उन्हें रोकने का अनुरोध किजिए |

अथवा

आपके विध्यालय में पीने के पानी की समस्या है| इस ओर ध्यान आकर्षित कराते हुए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए |